उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 22.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 22.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 22.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-


उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 22.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक ।











## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में मिशन शक्ति जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया–

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आज दिनांक- 22.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा मुख्यालय महोबा अवस्थित वीरभूमि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा मिशन शक्ति फेज-5.0 तहत आयोजित जागरुकता पाठशाला में नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित स्कूली छात्राओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक कर महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व गुड टच एवं बैड टच तथा उनके अधिकारों व महिला सम्बन्धी अपराध से बचाव हेतु उपायों के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया।

इस दौरान डिग्री कालेज के प्रिन्सिपल श्री सुशील बाबू सहित कालेज के शिक्षकगण, कोतवाली महोबा एवं महिला थाना मिशन शक्ति टीम सहित अध्ययनरत छात्राएं मौजूद रही।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना खन्ना की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना श्री विनोद कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 अनुरुद्व प्रताप सिंह मय हमराह का0 अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त दीपन उर्फ विपिन कुशवाहा पुत्र रामेश्वर कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा सम्बंधित मु0नं0 1576/22 अ0सं0 76/20 धारा 325/323/504/506 भादवि में मा0 न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डि0 एफटीसी महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त–

दीपन उर्फ विपिन कुशवाहा पुत्र रामेश्वर कुशवाहा उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम ग्योड़ी थाना खन्ना जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

01. उ0नि0 अनुरुद्व प्रताप सिंह
02. कां अंकित कुमार



## अवैध शराब के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध शराब की भट्ठी के साथ एक नफर अभियुक्त व बालअपचारी को हिरासत में लिया है, जिनके कब्जे से 100 ली0 अवैध शराब, शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए, इस दौरान 400 ली0 बरामद लहन को मौके पर नष्ट किया गया है–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई व0उ0नि0 सत्यपाल सिंह व उ0नि0 हीरामणि तिवारी मय हमराह हे0का0 श्रीपत यादव, का0 विनोद कुमार गौतम व का0 आसवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना क्षेत्रअन्तर्गत स्थित कबूतरा डेरा बिच्छू पहाड़िया कस्बा महोबा में मुखबिर की सूचना पर दबिश दी, इस दौरान भारी मात्रा में अवैध शराब व मिश्रित लहन के साथ अभियुक्त आशीष कबूतरा पुत्र मंगल कबूतरा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कबूतरा बिच्छू पहाड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा व 01 नफर बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है, जिनके कब्जे से 01 अदद प्लास्टिक की बड़ी टंकी मे 100 ली0 कच्ची शराब महुआ नाजायज सहित भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। इसके अतिरिक्त मौके पर ही बरामद 400 ली0 मिश्रित लहन को नष्ट किया गया है । इस बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 535/2024 धारा 60(2) आबकारी अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार अभियुक्त –

1.आशीष कबूतरा पुत्र मंगल कबूतरा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी कबूतरा बिच्छू पहाड़िया थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

2. एक नफर बाल अपचारी उम्र करीब 17 वर्ष।

### बरामदगीः–

01 अदद प्लास्टिक की बड़ी टंकी मे 100 ली0 कच्ची शराब महुआ नाजायज व शराब बनाने के उपकरण सहित मौके पर बरामद 400 ली0 लहन को नष्ट किया गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–

1. व0उ0नि0 सत्यपाल सिंह
2. उ0नि0 हीरामणि तिवारी
3. हे0का0 श्रीपत यादव 4. का0 विनोद कुमार गौतम 5. का0 आसवेन्द्र सिंह



# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 22.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने दुष्कर्म से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार–

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 22.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 विनोद कुमार सिंह मय हमराह हे0का0 अजीत तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत मु0अ0स0 171/24 धारा 366/376/506/328 IPC व 3(2)5 SC/ST ACT से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त पवन कुशवाहा पुत्र धूराम उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर को महावीरन मोड़ के पास मन्दिर कस्बा व थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त–**

पवन कुशवाहा पुत्र धूराम उम्र करीब 25 वर्ष निवासी ग्राम पुरैनी थाना जलालपुर जनपद हमीरपुर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 विनोद कुमार सिंह
2. हे0का0 अजीत तिवारी



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 22.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध गांजा के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री पलाश बंशल के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम अभियान के क्रम में आज दिनांक 22.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक नफर अभियुक्त राजू उर्फ राजकुमार वर्मा पुत्र भानुप्रताप वर्मा उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम चन्द्रपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को पी डब्ल्यू डी ग्राउण्ड के पास से हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 200 ग्राम सूखा गांजा नाजायज बरामद किया गया, बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर महोबा में मु0अ0सं0- 534/24 धारा 8/20 **NDPS ACT** का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### अभियुक्त व बरामदगी....

1. राजू उर्फ राजकुमार वर्मा पुत्र भानुप्रताप वर्मा उम्र करीब 27 वर्ष निवासी ग्राम चन्द्रपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा के कब्जे से नाजायज 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद होना

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम:-

1. उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल, चौकी प्रभारी भटीपुरा कोतवाली महोबा
2. हे0का0 करमशेर खाँ थाना कोतवाली नगर महोबा



## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस लाइन पहुंच मंगलवार की परेड की सलामी ली गई, आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत बलवाड्रिल/वैपन हैण्डलिंग का अभ्यास कराते हुए, सम्बन्धित को दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देशः-

आज दिनांकः- 22.10.2024 को श्रीमती वन्दना सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद महोबा द्वारा मंगलवार की परेड के दौरान पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउण्ड पर परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के निरीक्षण के उपरान्त जवानों को शारिरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए दौड़ लगवायी गयी तत्पश्चात परेड में शामिल जवानों में एकरूपता व अनुशासन बनायें रखने के लिए ड्रिल करायी गयी। पुलिस कर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन कर बेहतर टर्नआउट मेंटेन करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में अगामी त्यौहारों को सकुशल संपन्न कराने व प्रतिकूल परिस्थितियों के दृष्टिगत अधि0/कर्म0 को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर वैपन हैंडलिंग व बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

बलवा ड्रिल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व की जाने वाली त्वरित कार्यवाही के सम्बन्ध में सभी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। ड्रिल के दौरान आँसू गैस के गोले, रबर बुलेट, फायर सर्विस, वाटर कैनन व अन्य का प्रयोग करने की विधि बताकर रिहर्सल की गयी। जिससे विषम परिस्थियों में विधि विरुद्ध जमाव को तितर बितर करने के लिए पुलिस पार्टियों का क्रमवार प्रयोग करते हुए विधि विरुद्ध जमाव को तितर बितर करने का अभ्यास कराया गया।

निश्चित रुप से इस बलवा ड्रिल के रिहर्सल से जनपदीय पुलिस बल को आने वाले आगामी त्यौहार व अन्य परिस्थितियों के दौरान अराजकतत्वों से निपटने में मदद मिलेगी।

इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे।

